# वेंटिलेटर पर सरकारी अस्पताल, भटकते मरीज

**खास बातें**

- 17 स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी बंद, ऑनलाइन मॉनिटरिंग में खुली पोल
- फोन तक नहीं उठे, मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 अप्रैल, सरकारी अस्पतालों के हालात सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं. गांवों के अस्पतालों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है.जिसके चलते लोगों को मंहगें अस्पतालों में इलाज कराना मजबूरी बन गई है. वहीं स्वास्थ्य विभाग का सुस्त रवैया भी मरीजों पर भारी पड़ रहा है. हाल में सामने आई जानकारी ने एक बार फिर सरकारी सिस्टम और सरकारी अस्पतालों असलियत को उजागर कर दिया है. इसके साथ ही यह सवाल भी उठने लगे कि विभाग में जो अधिकारी बैठे हैं क्या वह अस्पतालों की जमीनी हकीकत से वाफिक नहीं है. कई ऐसे गांव हैं जहां पर सरकारी अस्पतालों के ताले तक नहीं खुले.**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। 10 अप्रैल को की गई समीक्षा में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जिले में संचालित 30 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 17 केंद्रों पर ओपीडी (आउटडोर पेशेंट डिपार्टमेंट) बंद पाई गई.

जांच के दौरान सामने आया कि कई स्थानों पर डॉक्टर अवकाश पर थे, कहीं नाइट ड्यूटी का हवाला दिया गया, तो कई केंद्रों पर स्टाफ ने फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझा। यह स्थिति तब उजागर हुई जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑनलाइन मॉनिटरिंग और फोन कॉल के जरिए केंद्रों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया.



## 17 स्वास्थ्य केंद्रों की जमीनी हकीकत उजागर

जांच में 17 स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा और संजीवनी क्लिनिक खामबाबा अवकाश के कारण बंद मिले.वहीं, 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर फोन तक नहीं उठाया गया 1 केंद्र का नंबर बंद मिला. 4 केंद्रों पर इमरजेंसी ड्यूटी का हवाला दिया गया 2 केंद्रों के नंबर ही गलत दर्ज पाए गए 1 कर्मचारी मेडिकल अवकाश पर था 2 अन्य अवकाश पर थे इस पूरी स्थिति ने न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही उजागर की, बल्कि मॉनिटरिंग सिस्टम की गंभीर खामियों को भी सामने ला दिया. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामहित कुमार ने कहा की उन्हें जानकारी नहीं है यदि ऐसा है तो सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे संतुष्टि पूर्ण जबाब नहीं होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी

## मरीजों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी सुविधाएं बंद मिलने पर उन्हें मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है.

## व्यवस्था पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें. रिपोर्ट के अनुसार डॉ. प्रतिक्षा मिश्रा और डॉ. करिश्मा शांडित्य अवकाश पर रहीं, जबकि डॉ. सुमित पाटीदार मेडिकल अवकाश पर थे. कई डॉक्टर जैसे डॉ. सहीबा अली, डॉ. नरेंद्र अहिरवार, डॉ. आसिफ खान, डॉ. अभय श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा माखीजा, डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव और डॉ. यशवंत पाटीदार ने फोन रिसीव नहीं किया. वहीं डॉ. कुलदीप दांगी का नंबर बंद मिला और डॉ. विपिन नागर व डॉ. स्वाति साहू के नंबर गलत दर्ज पाए गए. इमरजेंसी ड्यूटी में डॉ. जय कुमार, डॉ. शुभंक जैन, डॉ. शिवपाल सिंह जादौन और डॉ. अनुराग खटीक तैनात रहे, जबकि डॉ. अर्पित निगम नाइट ड्यूटी पर थे. दूसरी ओर, कई डॉक्टरों ने बेहतर कार्य किया. डॉ. अदिति राजवंशी ने 25 मरीज, डॉ. रोहित कुमार रूंडला ने 55 मरीज, डॉ. आयुषी चौकसे ने 130 मरीज और डॉ. दिशा चौकसे ने 180 मरीजों की जांच की। लटेरी क्षेत्र में डॉ. जसलीत कौर ने 120 मरीज, डॉ. नरेंद्र राठौर ने 350 मरीज और डॉ. रितिक मीना ने 320 मरीजों का परीक्षण किया वहीं कुछ जगहों पर कम मरीज जांच भी सामने आई, जैसे डॉ. अजय वर्मा ने केवल 3 मरीजों को देखा, जबकि डॉ. शाहीन खान और डॉ. मुकुल दांगी के यहां शाम की ओपीडी शून्य रही. कुल मिलाकर यह रिपोर्ट स्वास्थ्य सेवाओं में असमानता को उजागर करती है। जहां कुछ डॉक्टर बेहतर काम कर रहे हैं, वहीं कई की लापरवाही से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे में प्रशासन को सख्ती से निगरानी कर सुधार के कदम उठाने की जरूरत है.

# हड़ताल से छात्रों का भविष्य अधर में, एबीव्हीपी ने सौंपा ज्ञापन

**तकनीकी शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को दिया ज्ञापन**

**जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 अप्रैल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सात माह से वेतन न मिलने और उसके चलते जारी हड़ताल को लेकर संस्थान के प्राचार्य को तकनीकी शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा.**

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा तकनीकी शिक्षा विभाग से वार्षिक ग्रांट न मिलने का हवाला देते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन लंबे समय से रोका गया है. इसके विरोध में पिछले एक सप्ताह से समस्त स्टाफ हड़ताल पर है, जिसके चलते संस्थान में पठन-पाठन पूरी तरह ठप हो गया है.विद्यार्थी परिषद ने सरकार से मांग की है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और हड़ताल समाप्त कराई जाए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से पुनः शुरू हो सकें.बीव्हीपी विदिशा नगर मंत्री चंद्रांशु शास्त्री ने कहा कि सेमेस्टर परीक्षाओं और शैक्षणिक सत्र के इस महत्वपूर्ण समय में कक्षाएं बंद रहने से हजारों छात्रों का भविष्य संकट में है. उन्होंने कहा कि वेतन की समस्या प्रशासनिक हो सकती है, लेकिन इसकी सजा विद्यार्थियों को नहीं मिलनी चाहिए.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन और महाविद्यालय प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो छात्र हितों की रक्षा के लिए एबीव्हीपी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 13 को

नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 अप्रैल,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक सोमवार 13 अप्रैल को आयोजित की गई है यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में टीएल बैठक के उपरांत शुरू होगी.

## प्रांतीय शिक्षक संघ में नई नियुक्तियां, संगठन का किया विस्तार

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** प्रांतीय शिक्षक संघ की जिला इकाई में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की गई हैं. प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय द्वारा यह नियुक्तियां घोषित की गई.

जानकारी के अनुसार चरण सिंह शाक्य (उच्च माध्यमिक शिक्षक, वर्धा), हरिओम सेन (प्राथमिक शिक्षक, गढ़ला) एवं गोविंद तिवारी (प्राथमिक शिक्षक, बढ़िया खेड़ा) को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. वहीं बल्लभ शर्मा (माध्यमिक शिक्षक, गढ़ला) एवं हेमंत सोनी (माध्यमिक शिक्षक, करारिया) को जिला मंत्री बनाया गया है.बताया गया कि टीईटी के विरोध और संगठन में अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विस्तार किया गया है.इन नियुक्तियों पर राजेंद्र राय, राकेश सोनी, प्रकाश श्रीवास्तव, मुकेश रघुवंशी, गजेंद्र रघुवंशी, रामकुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं.

## रैली निकाल तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद.** टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने प्रदर्शन किया. पीएम श्री स्कूल से रैली निकालते हुए शिक्षक तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार प्रेमलता पाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. शिक्षकों ने अश्वश्व अनिवार्यता समाप्त करने और सेवा अवधि पहली नियुक्ति तिथि से जोड़ने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और उग्र किया जाएगा. इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे.

# एसएटीआई पॉलीटेक्निक में वेतन न मिलने पर छठे दिन भी हड़ताल जारी

**व्यापार महासंघ व एबीवीपी ने कर्मचारियों से की मुलाकात, समाधान न होने पर जनआंदोलन की चेतावनी**

नवभारत न्यूज

**विदिशा. एसएटीआई पॉलिटेक्निक में पिछले सात माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों की हड़ताल छठे दिन भी जारी रही. धरना स्थल पर विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

इस दौरान राजेश जैन ने कर्मचारियों को वेतन न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया. उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा तथा भोपाल जाकर चर्चा के लिए समय लिया जाएगा. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा.उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के आर्थिक संकट और छात्रों की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, इसलिए इस समस्या का शीघ्र समाधान आवश्यक है.वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारी भी धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों से भेंट की. उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होने और कर्मचारियों को वेतन न मिलने की स्थिति को बेहद अफसोसजनक बताया. एबीवीपी ने हड़ताल समाप्त कराने और समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया.




# विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसलिंग शिविर आज

**दोपहर 3 से 6 बजे तक तारा देवी हॉल में मिलेगा विशेषज्ञ मार्गदर्शन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा. विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद, विदिशा द्वारा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए 12 अप्रैल, रविवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक तारा देवी हॉल, अग्रवाल धर्मशाला, बालविहार में विशेष करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

आयोजकों ने बताया कि करियर का चुनाव केवल एक विषय या नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है. वर्तमान समय में सही करियर का चयन करना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अक्सर छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप दिशा तय नहीं कर पाते.ऐसे में यह शिविर विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा. यहां विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर मार्गदर्शन दिया जाएगा. साथ ही डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पुलिस, बैंकिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जाएगी.इस पहल से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय ले सकेंगे. आयोजकों ने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है.



# युद्ध के खिलाफ एकजुट हों साहित्यकार, शांति के पक्ष में जनमत बनाना समय की जरुरत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में महा विनाशक हथियारों के सौदागरों द्वारा क्षेत्रीय युद्धों को जारी रखकर अकूत मुनाफा कमाने के मुद्दे पर साहित्यकारों ने चिंता व्यक्त की. वक्ताओं ने कहा कि ऐसे समय में साहित्यकारों का दायित्व है कि वे एकजुट होकर युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में विश्व जनमत जागृत करें तथा समाज को सत्य से अवगत कराएं.

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक साईं पेंटर, एडवोकेट राजेश भावसार, चंद्र कुमार तारण (संपादक, सृजन परिदृश्य) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एडवोकेट अनिल त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के सारगर्भित एवं तथ्यात्मक विचारों का समर्थन किया.कार्यक्रम में उपस्थित सुधी श्रोताओं एवं साहित्यकारों ने भी संक्षिप्त रूप में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए शांति, मानवीय मूल्यों और जागरूक समाज की आवश्यकता पर बल दिया.

# विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया, नए पदाधिकारियों का हुआ चयन

नवभारत न्यूज

**विदिशा. विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी डॉक्टर्स एसोसिएशन विदिशा द्वारा उटोपिया रिजॉर्ट में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह दिवस होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस 10 अप्रैल को मनाया जाता है.**

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश बंसल, डॉ. अजय प्रकाश जैन एवं डॉ. ममता अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ. हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. इसके पश्चात उपस्थित सभी चिकित्सकों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया.कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से होम्योपैथी एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश शुक्ला को अध्यक्ष एवं डॉ. एम. के. सोनी को सचिव पद पर निर्विरोध चुना गया.इस अवसर पर डॉ. निर्मल चौरसिया, डॉ. मनीष जैन, डॉ. श्रेयश पितलिया, डॉ. हेमंत श्रीवास्तव, डॉ. मनोज जैन, डॉ. जितेंद्र दांगी, डॉ. आनंद जैन, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. ममता सोनी, डॉ. शैली सिंघाई, डॉ. ज्योत्सना मंगल, डॉ. मेघा दुबे सहित शहर के अनेक वरिष्ठ एवं जूनियर चिकित्सक उपस्थित रहे.




## श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पठारी हवेली में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक किया जा रहा है. इसी को लेकर शनिवार को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा निकाली गई. इस दौरान महिलाएं अपने सिर पर कलश रखे हुए और भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं. पठारी हवेली शिव मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा मुख्यमार्ग से होते हुए हनुमान मंदिर कथा स्थल पहुंची, जहां पर पूजा अर्चना के साथ श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ किया गया. कथा आयोजक जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामलाल शर्मा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 अप्रैल से दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा. कथा वाचक पंडित अनिल शास्त्री द्वारा संगीतमय भागवत कथा महापुराण का वाचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उज्जैन से आए हुए कथावाचक अनिल शास्त्री द्वारा प्रथम दिवस की कथा का वाचन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और कथा का रसपान किया. उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों से वह लगातार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करते आ रहे हैं.कथा करने का उद्देश्य सिर्फ यही है कि लोगों के जीवन में सुख समृद्धि बनी रहे और गाय माता के प्रति लोगों की संवेदनाएं बनी रहें.



# विधायक हरिसिंह सप्रे ने अनोखे अंदाज में मनाया जन्मदिन, क्षेत्रभर में हुए विविध आयोजन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई.** कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने अपना जन्मदिन इस वर्ष सेवा, श्रद्धा और जनसंपर्क के साथ विशेष अंदाज में मनाया. पूरे विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा उत्साहपूर्वक जन्मदिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए.जन्मदिन की शुरुआत प्रातःकाल नहर वाले हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन एवं सुंदरकांड पाठ में सहभागिता के साथ हुई. इसके पश्चात वाल्मीकि समाज द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और समाज सेवा का संदेश दिया. वहीं नगर के तालाब किनारे वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया.बस स्टैंड पर भाजपा मंडल कुरवाई के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और विधायक को फलों से तौलकर जन्मदिन को विशेष बनाया. इस दौरान विधायक सप्रे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया.विधानसभा क्षेत्र के पठारी, बमोरीशाला, पथरिया सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया. हर स्थान पर जनसमर्थन और उत्साह देखने को मिला, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय माहौल में नजर आया.

**विकास पचौरी रेडियो**

84 35 250 250

मोबाइल के प्ले स्टोर पर

Vikas Pachori Radio

टाइप करके इंस्टॉल कीजिए

और लगातार 24 घण्टे

आनंद लीजिए.

**प्रेसवार्ता** | प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप, किसानों के हितों को बताया खतरे में

# अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में युवा कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान



नवभारत न्यूज

**विदिशा, शनिवार को प्रेस क्लब भवन में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील का कड़ा विरोध करते हुए इसे किसानों के लिए प्राणघातक बताया। उन्होंने घोषणा की कि इस मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस जल्द ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगी.**

पत्रकारों से चर्चा करते हुए आकाश शर्मा ने आरोप लगाया कि यह ट्रेड डील अमेरिका के दबाव में की गई है, जिससे देश के साथ-साथ विदिशा जिले के किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से स्थानीय मंडी व्यवस्था और न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) पर भी खतरा मंडरा रहा है. उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे खेती को लाभ का धंधा बताते हैं और किसानों की आय दोगुनी होने का दावा करते हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों की आय भले दोगुनी न हुई हो, लेकिन मंत्री की आय जरूर बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री द्वारा विदिशा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में जमीन खरीदकर खेती के माध्यम से लाभ कमाया जा रहा है. युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि सरकार ने यह डील कॉर्पोरेट हितों को ध्यान में रखकर की है और इसमें बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की मंशा साफ दिखाई देती है. उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और खरीदी केंद्रों पर उनकी उपज की तौल तक नहीं हो पा रही है। यदि उपज में थोड़ी भी नमी या अन्य कमी पाई जाती है तो उसे वापस कर दिया जाता है, जिससे किसान परेशान हो रहे हैं. आकाश शर्मा ने बताया कि युवा कांग्रेस जिले की सभी सोसाइटियों और खरीदी केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाएगी.

## आनंदपुर में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर.** भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 11 अप्रैल को चौरसिया पैलेस में हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई. प्रथम दिवस पर बूथ प्रबंधन एवं आगामी कार्यक्रम विषय पर रमेश यादव ने मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता बुंदेल सिंह यादव ने की. दूसरे सत्र में जितेंद्र बघेल ने सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, जिसकी अध्यक्षता बृजभूषण चौहान ने की. प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. आयोजन का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना और संगठनात्मक कौशल विकसित करना बताया गया.